राजस्थान सरकार
स्वायत्त शासन विभाग

क्रमांकः प.8(ड)( )का.भा./डीएलबी/21/3974 जयपुर,दिनांकः 24/9/21

आदेश

श्री दिलीप कुमार परमार, सदस्य वार्ड नम्बर 03 एवं अध्यक्ष, नगरपालिका परतापुर–गढी जिला बांसवाडा को न्यायिक जांच समाप्ति तथा अन्तिम आदेश पारित होने तक के लिए विभागीय आदेश क्रमांक एफ.2(च)(322)जॉच/डीएलबी/2021/2424–2434 दिनांक 21.09.2021 के द्वारा नगरपालिका परतापुर–गढी की सदस्यता व अध्यक्ष पद से निलम्बित किया गया है।

नगरपालिका परतापुर–गढी में अध्यक्ष का पद अनुसूचित जनजाति (ST) के लिए आरक्षित है। राजस्थान नगरपालिका अधिनियम, 2009 की धारा 50(1) के प्रावधानो के दृष्टिगत अनुसूचित जनजाति (ST) के सदस्य को ही अध्यक्ष का कार्यभार दिया जाना विधि सम्मत है, चूंकि उपाध्यक्ष का पद सामान्य श्रेणी से है।

अतः श्री गोविन्द भगोरा अनुसूचित जनजाति (ST), सदस्य वार्ड संख्या 21 नगरपालिका परतापुर–गढी को अध्यक्ष के पद का कार्यभार आगामी 60 दिवस अथवा राज्य सरकार द्वारा प्रदत्त अन्य आदेश जो भी पूर्व हो, तक के लिए सौपा जाता है। उक्त कार्यभार राजस्थान नगरपालिका अधिनियम, 2009 की धारा 50 के प्रावधानो के अध्यधीन रहेगा।

उक्त आदेश सक्षम स्तर से अनुमोदित है।

आज्ञा से,

(दीपक नन्दी)
निदेशक एवं विशिष्ठ सचिव

क्रमांकः प.8(ड)( )का.भा./डीएलबी/21/3975–3988 जयपुर,दिनांकः 24/9/21

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1. निजी सचिव, प्रमुख शासन सचिव, माननीय मुख्यमंत्री महोदय, राजस्थान।
2. विशिष्ठ सचिव, माननीय मंत्री महोदय, स्वायत्त शासन विभाग, जयपुर।
3. निजी सचिव, शासन सचिव, स्वायत्त शासन विभाग, जयपुर।
4. निजी सचिव, निदेशक एवं विशिष्ठ सचिव, स्वायत्त शासन विभाग, जयपुर।
5. उप सचिव, राज्य निर्वाचन आयोग, सचिवालय, राज. जयपुर।
6. जिला कलक्टर, बांसवाडा।
7. उप निदेशक (क्षेत्रीय), स्थानीय निकाय विभाग, उदयपुर।
8. अध्यक्ष, नगरपालिका परतापुर–गढी।
9. अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका परतापुर–गढी।
10. जनसम्पर्क अधिकारी, निदेशालय को प्रकाशन करवाने हेतु।
11. प्रभारी मोनिटरिंग सेल को विभाग की वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु।
12. अधीक्षक, केंद्रीय लेखन एवं मुद्रणालय, राज. जयपुर को आगामी राजस्थान राजपत्र के असाधारण अंक में उपरोक्त अधिसूचना प्रकाशित करने हेतु प्रेषित है।
13. श्री गोविन्द भगोरा, अध्यक्ष, नगरपालिका परतापुर–गढी।
14. श्री दिलीप कुमार परमार, निलम्बित पूर्व अध्यक्ष, नगरपालिका परतापुर–गढी।
15. सुरक्षित पत्रावली।

(संजय माथुर)
वरिष्ठ संयुक्त विधि परामर्शी

Scanned by TapScanner